# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

## प्रेस नोट- दिनांक 24.05.2026

## फतेहपुर पुलिस का मेधावी छात्र एवं प्रशंसनीय सेवा सम्मान समारोह
## "कर्तव्यनिष्ठा, तकनीकी दक्षता एवं साहस का सम्मान"

**पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक द्वारा आज दिनांक 24.05.2026 को रिज़र्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में मेधावी छात्र एवं प्रशंसनीय सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

- **महोदय द्वारा शैक्षणिक सत्र-2025-2026 में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिनका विवरण निम्नवत है।**

| क्र0स0 | छात्र/छात्रा का नाम | अभिभावक का नाम | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रतीक कुमार वर्मा | श्री शिव चन्द्र | 90.16 % |
| 2. | दिव्या | श्री अशोक कुमार | 90.40% |
| 3. | अनुराग यादव | श्री राकेश यादव | 91.60% |
| 4. | अनन्या | श्री गयादीन | 94.80% |

**साहसिक एवं मानवीय कार्य करने वाले निम्न स्थानीय गोताखोरों को महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र व 1000-1000 रुपये का नगद पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित-**

1.महेश कुमार पुत्र रामकेश निवासी ग्राम नौबस्ता थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर
2.अशोक कुमार पुत्र सूरजपाल यादव ग्राम टंडवा पर मजरे खरगूपुर बरगला थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर

- महोदय द्वारा दिनांक 16.05.2026 को थाना सुल्तानपुर घोष, जनपद फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम टंडवा पर मजरे खरगूपुर बरगला स्थित गंगा नदी में स्नान के दौरान बालक रत्नेश कुमार पुत्र राजू (उम्र लगभग 13 वर्ष) के गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने की घटना के दौरान रत्नेश कुमार को बचाने के प्रयास में उसके साथ मौजूद अंश, शिवम एवं शिवानी भी गहरे पानी में फंसकर डूबने लगे। ऐसे अत्यंत संकटपूर्ण एवं जीवन-जोखिम की स्थिति में उपस्थित स्थानीय नागरिक महेश कुमार पुत्र रामकेश निवासी ग्राम नौबस्ता थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर व अशोक कुमार पुत्र सूरजपाल यादव ग्राम टंडवा पर मजरे खरगूपुर बरगला द्वारा अदम्य साहस एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना ही नदी में कूदकर अंश, शिवम एवं शिवानी के प्राणों की रक्षा की गई। श्री महेश व श्री अशोक कुमार उपरोक्त के द्वारा प्रदर्शित साहसिक कार्य न केवल अत्यंत सराहनीय है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी है। जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की जाती है। आपके इस उत्कृष्ट एवं साहसिक कृत्य के लिए महोदय द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

- जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा जनसामान्य को त्वरित एवं संवेदनशील पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फतेहपुर पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी एवं परिणामोन्मुख कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जनपद पुलिस ने तकनीकी पुलिसिंग, साइबर सर्विलांस, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, वैज्ञानिक अन्वेषण एवं आपातकालीन सेवा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। उत्कृष्ट सेवा, अनुकरणीय कार्यशैली एवं कर्तव्यपरायणता का परिचय देने वाले 24 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- **CEIR पोर्टल पर उत्कृष्ट कार्य एवं प्रदेश में तृतीय स्थान मोबाइल ट्रैकिंग एवं डिजिटल रिकवरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निम्न कर्मियों को महोदय द्वारा सम्मानित किया गया**

1. कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी सैय्यद अलमदार हुसैन रिज़वी (सीसीटीएनएस कार्यालय)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी अवनीश पाल (थाना हथगांव)
3. कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए महेन्द सिंह (थाना जहानाबाद)
4. आरक्षी देवांश तिवारी (थाना थरियांव)

**उल्लेखनीय कार्य :-** उक्त कार्मिकों द्वारा CEIR पोर्टल के माध्यम से माह अप्रैल-2026 में शत-प्रतिशत मोबाइल बरामदगी सुनिश्चित कराई गई, जिसके फलस्वरूप जनपद फतेहपुर को प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही मोबाइल एवं पर्स छिनैती की विभिन्न घटनाओं का सफल अनावरण भी किया गया।

- **विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एंटी-रियूमर कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया सेल द्वारा भ्रामक एवं तथ्यहीन पोस्टों का प्रभावी खंडन कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, निम्न कर्मियों को महोदय द्वारा सम्मानित किया गया -**

1.निरीक्षक अखिलेश कुमार (प्रभारी सोशल मीडिया सेल)
2.आरक्षी देवेन्द्र यादव
3.आरक्षी नवल पाल
4.आरक्षी रोहन कटियार
5.आरक्षी शैलेन्द्र शर्मा
6.आरक्षी अनुज पटेल
7. आरक्षी हरिओम शर्मा

**उल्लेखनीय कार्य :-** दिनांक 26.04.2026 को थाना खागा में पंजीकृत संवेदनशील अभियोग से संबंधित भ्रामक पोस्टों का समयबद्ध एवं तथ्यात्मक खंडन कर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

- **यूपी-112 एवं आपातकालीन सेवा प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान आपातकालीन सेवाओं के कुशल संचालन एवं रिस्पांस टाइम में सुधार हेतु निम्न कर्मियों को महोदय द्वारा सम्मानित किया गया -**

1.आरक्षी रामचन्द्र
2.आरक्षी ऋषिरंजन मिश्रा
3.आरक्षी धर्मेन्द्र चौधरी
4.आरक्षी रवि यादव

**उल्लेखनीय कार्य:-** यूपी-112 के अंतर्गत प्रतिदिन प्राप्त होने वाले 400 से अधिक इवेंट्स पर त्वरित समन्वय स्थापित कर पीआरवी वाहनों को समयबद्ध रिस्पांस उपलब्ध कराया गया, जिससे जनपद की रिस्पांस टाइम रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार दर्ज हुआ।

- **डीसीआरबी एवं "यक्ष एप" अभियान में उत्कृष्ट कार्य अपराधियों के सत्यापन एवं डेटा विश्लेषण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले निम्न कर्मियों को महोदय द्वारा सम्मानित किया गया-**

1.आरक्षी बलिराम पटेल
2.आरक्षी प्रान्शू
3.आरक्षी ऋषभ पाण्डेय

**उल्लेखनीय कार्य:-** "यक्ष एप" अभियान के अंतर्गत लगभग 2500 अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया गया तथा सुरक्षा नेत्र एवं चोरी निरोधक अभियानों के अंतर्गत अपराध संबंधी डेटा का विश्लेषण एवं समन्वय स्थापित कर अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

- **साहसिक कार्रवाई कर ₹50,000 का इनामी अपराधी गिरफ्तार छिनैती की घटना का सफल अनावरण कर इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने वाली टीम को महोदय द्वारा सम्मानित किया गया-**

1.उपनिरीक्षक गिरीशधर दुबे
2.आरक्षी अनीश दीक्षित
3.आरक्षी देवेन्द्र कुमार

**उल्लेखनीय कार्य :-** पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ₹50,000 के इनामी अपराधी एवं उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लूटा गया सम्पूर्ण माल बरामद किया गया तथा अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

- **CEIR पोर्टल की मदद से मोबाइल व पर्स छिनैती का सफल अनावरण-**

  1.कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए आशीष कुमार

- **स्मार्ट पुलिसिंग एवं सीसीटीवी विश्लेषण से चोरी का अनावरण तकनीकी सर्विलांस एवं सीसीटीवी विश्लेषण के माध्यम से चोरी की घटना का सफल अनावरण करने वाले निम्न कर्मियों को महोदय द्वारा सम्मानित किया गया-**

1.मुख्य आरक्षी उबैद उल्ला

2.आरक्षी अंकित कुमार यादव

**उल्लेखनीय कार्य:-** दिनांक 14.05.2026 को हसवां मोड़ से चोरी हुई ट्रॉली के संबंध में विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करते हुए अभियुक्त को जनपद कौशाम्बी क्षेत्र से चोरी गई ट्रॉली सहित गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस अधीक्षक फतेहपुर, श्री अभिमन्यु मांगलिक का संदेश

**"पुलिस सेवा केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनविश्वास, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व की सर्वोच्च भावना से जुड़ी है। सम्मानित किए जाने वाले इन पुलिसकर्मियों ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से विभाग की कार्यकुशलता एवं जनसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया है। ऐसे कर्मठ एवं समर्पित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करना विभाग के लिए गौरव का विषय है।"**